प्रेषक,

मिशन निदेशक,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

मुख्य चिकित्साधिकारी,
जनपद–प्रतापगढ़ ।

8727

पत्रांकः–एस.पी.एम.यू. / एन.एच.एम. / सहयोगात्मक पर्यवेक्षण / प्रतापगढ़ / 2019–20 / दिनांकः 17.01.2020

**विषयः– राज्य स्तरीय दल द्वारा 26 से 28 दिसम्बर 2019 तक किये गये पर्यवेक्षण की आख्या पर कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया एस0पी0एम0यू0 कार्यालय पत्र सं0 SPMU/NHM/M&E/2019-20/18/3883-2, दिनांक 30-07-2019 का का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके क्रम में, राज्य स्तरीय दल द्वारा दिनांक 26 से 28 दिसम्बर 2019 तक जनपद प्रतापगढ़ की चिकित्सा इकाईयों का सहयोगात्मक पवर्यवेक्षण किया गया। राज्य स्तरीय दल द्वारा जनपद की चिकित्सा इकाईयों का स्थलीय पर्यवेक्षण के दौरान प्रकाश में आये बिन्दुओं के आधार भ्रमण आख्या प्रस्तुत की गयी है जो कि पत्र के साथ संलग्न कर सुधारात्मक कार्यवाही हेतु प्रेषित की जा रही है।

आपसे अनुरोध है कि सम्बन्धित बिन्दुओं पर आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

<u>संलग्नकः–पर्यवेक्षण आख्या</u>

भवदीया

(जसजीत कौर)
अपर मिशन निदेशक

पत्रांकः–एस.पी.एम.यू. / एन.एच.एम. / सहयोगात्मकपर्यवेक्षण / प्रतापगढ़ / 2019–20 / तद्दिनांक

**प्रतिलिपिः** निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित–

1. मण्डलीय अपर निदेशक, चि0स्वा0 एवं प0क0, प्रयागराज मण्डल।
2. अधिशासी अभियन्ता, समस्त महाप्रबन्धक / अनुभागाध्यक्ष, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0, उ0प्र0।
3. मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक, एन0एच0एम0, प्रयागराज मण्डल को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
4. जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई, प्रतापगढ़ को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(डा0 वेद प्रकाश)
मण्डलीय नोडल–प्रयागराज

प्रेषक,

मिशन निदेशक,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

मुख्य चिकित्साधिकारी,
जनपद–प्रतापगढ़ ।

पत्रांकः–एस.पी.एम.यू. / एन.एच.एम. / सहयोगात्मक पर्यवेक्षण / प्रतापगढ़ / 2019–20 / दिनांकः 17 .01.2020

**विषयः– राज्य स्तरीय दल द्वारा 26 से 28 दिसम्बर 2019 तक किये गये पर्यवेक्षण की आख्या पर कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया एस0पी0एम0यू0 कार्यालय पत्र सं0 SPMU/NHM/M&E/2019-20/18/3883-2, दिनांक 30-07-2019 का का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके क्रम में, राज्य स्तरीय दल द्वारा दिनांक 26 से 28 दिसम्बर 2019 तक जनपद प्रतापगढ़ की चिकित्सा इकाईयों का सहयोगात्मक पवर्यवेक्षण किया गया। राज्य स्तरीय दल द्वारा जनपद की चिकित्सा इकाईयों का स्थलीय पर्यवेक्षण के दौरान प्रकाश में आये बिन्दुओं के आधार भ्रमण आख्या प्रस्तुत की गयी है जो कि पत्र के साथ संलग्न कर सुधारात्मक कार्यवाही हेतु प्रेषित की जा रही है।

आपसे अनुरोध है कि सम्बन्धित बिन्दुओं पर आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

<u>संलग्नकः–पर्यवेक्षण आख्या</u>

भवदीया

(जसजीत कौर)
अपर मिशन निदेशक

पत्रांकः–एस.पी.एम.यू. / एन.एच.एम. / सहयोगात्मकपर्यवेक्षण / प्रतापगढ / 2019–20 / 8727-4 तद्दिनांक

**प्रतिलिपिः** निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित–

1. मण्डलीय अपर निदेशक, चि0स्वा0 एवं प0क0, प्रयागराज मण्डल।
2. अधिशासी अभियन्ता, समस्त महाप्रबन्धक / अनुभागाध्यक्ष, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0, उ0प्र0।
3. मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक, एन0एच0एम0, प्रयागराज मण्डल को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
4. जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई, प्रतापगढ़ को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(डा0 वेद प्रकाश)
मण्डलीय नोडल–प्रयागराज

11

## जनपद प्रतापगढ़ की सहयोगात्मक पर्यवेक्षण रिपोर्ट

**राज्य स्तरीय टीम**

1. मनीष कुमार सोनी, कन्सल्टेंट, परिवार नियोजन।
2. सत्य प्रकाश, कार्यक्रम समन्वयक, आर0आई0।

**जनपद स्तरीय टीम**

3. राजशेखर, जिला कार्यकम प्रबंधक।
4. आकाश दीप शुक्ला, जिला समन्वयक, अर्बन हेल्थ।

**पर्यवेक्षण के दौरान आच्छादित की गई इकाईयॉ**

1. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र –अमरगढ़।
2. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (एफ0आर0यू0) –पट्टी।
3. प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र– आसपुर देवसरां।
4. उप स्वास्थ्य केन्द्र (HWC) –आमापुर।
5. ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस सत्र, ग्राम– दरियाकोर्ट, उपकेन्द्र –लक्षीपुर।
6. ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस सत्र, ग्राम– अवधानपुर, उपकेन्द्र –भोजेमउ।

मिशन निदेशक, एन0एच0एम0 द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में उपरोक्त टीम द्वारा दिनांक 26–28 दिसम्बर 2019 के मध्य जनपद प्रतापगढ़ का भ्रमण कर एल–3, एल–2 व एल–1 स्तर की स्वास्थ्य इकाईयों, हेल्थ वेलनेस सेन्टर तथा सामुदायिक गतिविधियों का अवलोकन किया गया।

उक्त भ्रमण के दौरान भ्रमण किये गये स्वास्थ्य इकाईयों पर निम्न कामन अवलोकन बिन्दु उद्घृत हुयेः–

- वी0एच0एन0डी0 सत्र पर वैक्सीन कैरियर में आईसपैक कन्डीशनिंग अवस्था में नही था (जमी हुई पायी गयी)।
- भ्रमण किये गये हेल्थवेलनेस सेन्टर पर प्रायः औषधियों की कमी रहती है तथा मानकानुसार समुचित जांच की सेवा भी प्रारम्भ नही हो सका है।
- प्रसव कक्ष में कार्यरत स्टाफ नर्स द्वारा पार्टोग्राफ का प्रयोग नही किया जा रहा था।
- हाई–रिस्क प्रेगनेंसी चिन्हित नहीं की जा रही थीं।
- जे0एस0एस0के0 के अन्तर्गत लाभार्थियों को दिए जाने वाले भोजन का समुचित आई0ई0सी0 प्रदर्शित नही था।
- ब्लीचिंग पाउडर घोल का प्रयोग नही किया जा रहा है।
- 102 एम्बुलेन्स द्वारा दी जा रही सेवाओं का सत्यापन चिकित्साइकाई द्वारा नही की जा रही है। अथार्त एम्बुलेन्स द्वारा दी गयी Drop OUT एवं Drop in के लाभार्थियों का सत्यापन चिकित्साईकाईयों के सक्षम अधिकारियों से सत्यापित नही कराया जा रहा है।
- चिकित्सालय परिसर में जगह जगह Fire extinguisher लगा हुआ था परन्तु इमरजेन्सी की स्थिति में चिकित्सालय परिसर में तैनात अधिकतर कर्मियों को इसके प्रयोग की जानकारी नही थी।
- एक्स–रे की सुविधा उपलब्ध है, परन्तु टेक्नीशियन के पास टी0एल0डी0 बैच एवं लेड एप्रेन नही है।
- एफ0पी0एल0एम0आई0एस0 का प्रयोग नही किया जा रहा है
- उपकेन्द्र व हेल्थवेलनेस सेन्टर पर कन्डोम बाक्स नही लगाया गया है।

इकाईवार विस्तृत भ्रमण रिपोर्ट निम्नानुसार है :–

➢ **सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र–अमरगढ़**

| अवलोकन बिन्दु | सुझाव / कृत सुधारात्मक कार्यवाही | जिम्मेदारी |
|---|---|---|
| **मातृत्व स्वास्थ्य :–** | | |
| **प्रसव कक्षः–** पी0पी0एच0के प्रबन्धन के बारे में स्टाफ नर्सो को जानकारी नहीं थी। प्रसव कक्ष में पी0पी0एच0 किट की व्यवस्था नही थी। रजिस्टर के अन्त में संक्षिप्त जानकारी प्रपत्र के बारे में उपस्थित स्टाफ नर्सो को भी उचित जानकारी नहीं थी। प्रसव कक्ष में समुचित प्रोटोकॉल प्रदर्शित था। हाई–रिस्क प्रेगनेंसी चिन्हित नहीं की जा रही थीं। प्रसव कक्ष में नया प्रसव रजिस्टर उपलब्ध था व प्रयोग किया जा रहा है। | एम0एन0एच0 टूल का अध्ययन करने व एस0बी0ए0 प्रोटोकॉल पोस्टर्स आदि लगवाने का सुझाव दिया गया। लेबर रूम में पी0पी0एच0 किट की व्यवस्था करने का सुझाव दिया गया। प्रत्येक माह के अन्त में माह की रिपोर्ट का अंकन करने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही जानकारियॉं प्रदान की गईं। लेबर रूम स्टाफ को हाई रिस्क प्रेगनेंसी के विषय में बताया गया और इसके रिपोटिंग से क्या लाभ है उसके विषय में बताया गया एवं हाईरिस्क प्रेगनेंसी चिन्हित एवं उनका अभिलेखीकरण करने हेतु कहा गया। | लेबर रूम स्टाफ |
| रेफरल सिस्टम व्यवस्थित रूप से नहीं पाया गया। | रेफरल सिस्टम को सुदृढ किये जाने हेतु सुझाव दिया गया। रेफरल इन व आउट के रिकार्ड रखने की जानकारी दी गई। | लेबर रूम स्टाफ |
| जे0एस0एस0के0 के अन्तर्गत लाभार्थियों को भोजन दी जा रही थी। प्रसव कक्ष में डिजिटल घडी लगी थी। | | चिकित्सा अधीक्षक |

| | | |
|---|---|---|
| प्रसव कक्ष में रखी सक्सन मशीन खराब थी।<br>प्रसव कक्ष में एल्बो लैम्प नही लगा है। | भ्रमण दल द्वारा सक्सन मशीन की मरम्मत व एल्बो लैम्प लगवाने के निर्देश दिये गये। | |
| पार्टोग्राफ का प्रयोग नही किया जा रहा था। स्टाफ द्वारा बताया गया कि पाटोग्राफ भरनें की जानकरी है परन्तु केश शीट उपलब्ध नही होने के कारण प्रयोग नही किया जा रहा है। | पार्टोग्राफ का प्रयोग सुनिश्चित किया जाये।<br>केश शीट की उपलब्धता सुनिश्चित किया जाये। | लेबर रूम स्टाफ व चिकित्सा अधीक्षक |
| प्रसव कराने वाले स्टाफ एस0बी0ए0 में प्रशिक्षित नहीं थे | प्रसव एस0बी0ए0 प्रशिक्षत ए0एन0एम0 द्वारा कराया जाये। | चिकित्सा अधीक्षक |
| **आर0आई0 / कोल्ड चेन रूम :-** | | |
| कोल्ड चेन रूम में पर्याप्त साफ-सफाई नही थी एवं कोल्ड चेन रूम के लिये बिजली बैक-अप पर्याप्त नही था।<br>ए0वी0डी0 रूट प्लान नही था डीप फ्रीजर में आइसपैक किसकास तरह से व्यवस्थित नहीं किया गया था।<br>सत्र स्थल से शार्प मेटिरियल वापस नही आ रहे थे तथा कोल्ड चेन हैन्डलर को शार्प मेटिरियल को डिस्पोज करनें की विधि नही ज्ञात थी।<br>स्वास्थ्य केन्द्र पर निस्तारण पिट मानकानुसार नही बनी थी।<br>टीका करण कक्ष के बाहर प्रचार-प्रसार सम्बन्धी प्रदर्शन था।<br>समस्त आई0एल0आर0 एवं डीपफीजर कार्यरत पाये गये तथा उनमें वैक्सीन उपयुक्त प्रकार से रखी हुई पाई गई।<br>लागबुक मेण्टेन थीं। | प्रोटोकाल पोस्टर की प्रिन्टिंग स्पष्ट रूप से इंगित करनें के लिये निर्देशित किया गया।<br>कोल्डचेन हैन्डलर को आइसपैक किसकास अवस्था में रखने एवं ए0वी0डी0 रूट प्लान बनाकर चस्पा करनें हेतु निर्देशित किया गया<br>कोल्डचेन हैन्डलर को सत्र स्थल से शार्प मेटिरियल वापस मगानें एवं डिस्पोज करनें हेतु निर्देशित किया गया।<br>प्रभारी चिकित्साधिकारी को पिट मानकानुसार निर्माण करवाने हेतु सुझाव दिया गया। | चिकित्सा अधीक्षक / BAM एवं सम्बंधित स्टाफ |
| **बाल स्वास्थ्य :-** | | |
| विटामिन-Kउपलब्ध था।<br>एच0बी0एन0सी0 कार्यकम के अर्न्तगत लो-वर्थ बेबी का फालोअप नही किया जा रहा है।<br>एन0बी0सी0सी0 कार्नर में 01 रेडियेन्ट वार्मर व 01 फोटोथेरेपी मशीन लगी थी जो क्रियाशील थी।<br>के0एम0सी0 कार्नर उपलब्ध है। | आई0ई0सी0 सामग्री को यथा स्थान पर प्रदर्शित किया जाये।<br>भ्रमण दल द्वारा निर्देशित किया गया कि ऐसे वच्चो का एच.बी0एन0सी0 कार्यक्रम के माध्यम से आशा द्वारा 7 फालोअप कराना सुनिश्चित किया जाये। | सम्बन्धित स्टाफ / चिकित्सा अधीक्षक एवं BCPM |
| **परिवार नियोजन :-** | | |
| प्रिन्टेडआई0यू0सी0डी0<br>पी0पी0आई0यू0सी0डी0- इन्सर्शन रजिस्टर उपलब्ध नही था। | प्रिन्टेड आई0यू0सी0डी0 इन्सर्शन रजिस्टर उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। | जिला कार्यक्रम प्रबंधक |
| चिकित्सा ईकाई पर कन्डोम बाक्स बनकर रखा पड़ा था परन्तु समुचित स्थान पर लगाया नही गया था। | भ्रमण दल द्वारा तत्काल प्रभाव से कन्डोम बाक्स उचित स्थान पर लगावाया गया एवं निर्देशित किया गया कि कन्डोम पीस की रिफिलिंग सुनिश्ति करें। कण्डोम बाक्स प्रतिदिन भरने का सुझाव दिया गया। | फार्मासिस्ट |
| प्रशिक्षित सेवा प्रदाता नही होने के करण पी0पी0आई0यू0सी0डी0 की सेवा नही दी जा रही थी। | भ्रमण दल द्वारा सुझाव दिया गया कि शीघ्र प्रशिक्षण कराकर पी0पी0आई0यू0सी0डी0 की सेवा सुनिश्चित की जाये। | सम्बन्धित स्टाफ |
| एफ0पी0एल0एम0आई0एस0-<br>एफ0पी0एल0एम0आई0एस0 का प्रयोग नही किया जा रहा है | भ्रमण दल द्वारा तत्काल प्रभाव से बी0पी0एम0 को एफ0पी0एल0एम0आई0एस0 पोर्टल के प्रयोग के साथ इन्डेन्ट की जानकारी दी गयी। | |
| नसबन्दी सेवाओं हेतु फिक्स डे आउटरीच सर्विसेज का आयोजन नहीं किया जा रहा है। | भ्रमण दल द्वारा नोडल परिवार कल्याण से फिक्स डे आउटरीच सर्विसेज का आयोजन कराने हेतु वार्ता की गयी। | नोडल परिवार कल्याण |
| **आई0ई0सी0 :-** | | |
| परिसर में भ्रमण के दौरान समस्त कार्यक्रमों की आई0ई0सी0 उपलब्ध थी। किन्तु पर्याप्त नहीं थी। | विभिन्न कार्यक्रमों की अपडेटेड आई0ई0सी0 जनपद स्तर से प्राप्त कर यथास्थान डिस्प्ले कराये जाने का सुझाव दिया गया। | चिकित्सा अधीक्षक |
| पंजीकरण कक्ष के बाहर गर्भवती महिलाओं के निःशुल्क पंजीकरण का डिस्प्ले नहीं था। | गर्भवती महिलाओं के निःशुल्क पंजीकरण का डिस्प्ले करने व गर्भवती महिलाओं से पंजीकरण शुल्क न लिये जाने का सुझाव दिया गया। | |
| जे0एस0एस0के0 के अन्तर्गत लाभार्थियों को दिए जाने वाले भोजन का साईन बोर्ड समुचित प्रदर्शित नही था। | जे0एस0एस0के0 डाइट के अन्तर्गत लाभार्थियों को दिए जाने वाले भोजन की साईन बोर्ड समुचित प्रदर्शित कराने का सुझाव दिया गया। | |

13

| | | |
|---|---|---|
| पी0एन0सी0 वार्ड में आई0ईसी0 का समुचित प्रर्दशन नही था। | पी0एन0सी0 वार्ड में आई0ईसी0 का समुचित प्रदर्शित कराने का सुझाव दिया गया। | |
| **चिकित्सालय परिसर :–** | | |
| चिकित्सा परिसर में काफी रिक्त स्थान है जहां पर गार्डनिंग की जा सकती है | टीम द्वारा सुझाव दिया कि रिक्त स्थान पर गार्डनिंग की जाय। | चिकित्सा अधीक्षक |
| परिसर के अन्दर शिकायत पेटिका लगी थी, किन्तु शिकायते नहीं पायी गयीं। शिकायत निवारण कमेटी का गठन रिकार्ड भी देखने को नही मिला। | शिकायत निवारण कमेटी का गठन व रिकार्ड मेण्टेन करने का सुझाव दिया गया। | चिकित्सा अधीक्षक |
| हेल्पडेस्क की ब्यवस्था नहीं थीं। | हेल्पडेस्क की ब्यवस्था करने का सुझाव दिया गया। | चिकित्सा अधीक्षक |
| ओ0पी0डी0 कक्ष में कार्यरत चिकित्सक के पास वजन मशीन एव बी0पी0 मशीन उपलब्ध नही था। | स्टेथो, वजन मशीन एव बी0पी0 मशीन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। | चिकित्सा अधीक्षक |
| परिसर में साफ–सफाई ब्यवस्था संतोषजनक पायी गयी। | नियमित रुप से परिसर की साफ–सफाई कराये जाने का सुझाव दिया गया। | चिकित्सा अधीक्षक |
| चिकित्सालय परिसर में जगह जगह Fire extinguisher लगा हुआ था परन्तु इमरजेन्सी की स्थिति में चिकित्सालय परिसर में तैनात किसी भी कर्मी को इसके प्रयोग की जानकारी नही थी। | भ्रमण दल द्वारा Fire extinguisher के प्रयोग हेतु Mock drill कराने हेतु निर्देश दिये गये। | चिकित्सा अधीक्षक |
| एक्स–रे की सुविधा उपलब्ध है, परन्तु टेक्नीशियन के पास टी0एल0डी0 बैच एवं लेड एप्रेन नही है।<br>एक्स रे मशीन का प्रिन्टर विगत माह से खराब है टेक्निशियन द्वारा बताया गया कि पैनेल एजेन्सी को कम्पलेन किया गया है परन्तु अभी तक प्रिन्टर ठीक नही हुआ है। | टी0एल0डी0 बैच एवं लेड एप्रेन उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। | Procurement Cell-SPMU व चिकित्सा अधीक्षक |
| **बायोमेडिकल वेस्ट :–** | | |
| चिकित्सालय में Bins उपलब्ध थीं। डस्ट बिन में अलग–अलग रंग की पॉलीथिन थी।<br>बायोमेडिकल वेस्ट निस्तारण का समुचित प्रयोग किया जा रहा है।<br>किसी भी कार्मिक द्वारा व्यक्तिगत बचाव उपकरण धारण नहीं किया गया था।<br>बायोमेडिकल वेस्ट की लाग बुक नियमानुसार भरे जा रहे थे।<br>स्वास्थ्य केन्द्र प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा प्राधिकृत नही है।<br>स्वास्थ्य केन्द्र के अधिकतर कर्मीयों को बायो मेडिकल बेस्ट मैनेजमेन्ट की समुचित जानकारी नही है।<br>ब्लीचिंग पाउडर घोल का प्रयोग नही किया जा रहा है। | Colour Coded Bins की उपलब्धता सुनिश्चित करने का सुझाव दिया गया।<br>स्वास्थ्य केन्द्र को प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा प्राधिकृत कराये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।<br>सम्बंधित स्टाफ को बायोमेडिकल वेस्ट की लाग बुक नियमानुसार भरे जाने हेतु निर्देशित किया गया।<br>बायो मेडिकल वेस्ट का प्रशिक्षण आवश्यक रूप से आयोजित कराने हेतु सुझाव दिया गया। | सम्बंधित स्टाफ एवं चिकित्सा अधीक्षक |
| **आर0के0एस0के0 कार्यक्रम :–** | | |
| किशोरी सुरक्षा योजना के अर्न्तगत निशुल्क सेनेटरी नैपकीन के वितरण का अनुश्रवण नही किया जा रहा है।<br>प्राप्त फिडबैक के अनुसार सेनेटरी नैपकीन को ए0बी0एस0ए0 को प्राप्त करा दिया जाता है एवं उन्ही के द्वारा वितरण भी किया जाता है। | सेनेटरी नैपकीन के वितरण का अनुश्रवण सुनिश्चित की जाये। | चिकित्सा अधीक्षक |
| **आर0बी0एस0के0टीम :–** | | |
| साइट पर कुल 54 बच्चे पंजीकृत है जिनमें से 28 बच्चे मौके पर उपस्थित थे जिनका टीम द्वारा स्कीनिंग किया गया।<br>उक्त 28 बच्चे में से 03 बच्चे रेफर किये गये।<br>आर0बी0एस0के0 टीम द्वारा मुवमेन्ट रजिस्टर नही भरा जा रहा था।<br>सभी उपकरण उपलब्ध थे।<br>माइक्रोप्लान एवं रजिस्टर उपलब्ध था व भरे जा रहे थे। | मूवमेन्ट रजिस्टर भराना सुनिश्चित की जाये। | बी0पी0एम0 / चिकित्सा अधीक्षक |
| **अन्य बिन्दु :–** | | |
| जनरल वार्ड में रखा डस्टबिन काफी गन्दा था। | समुचित सफाई हेतु निर्देशित किया गया। | बी0पी0एम0 |
| टेलीमेडिसिन की सेवा दी जा रही है। | | |

| | | |
|---|---|---|
| स्ट्रीमिंग आफ आयुष के अन्तर्गत 01 होमियोपैथिक चिकित्सक कार्यरत है एवं वर्तमान में कुल 15 प्रकार की औषधि उपलब्ध है | | |
| पैथोलाजी में कुल 12 प्रकार की जांच उपलब्ध है। पैथोलाजी कक्ष में एल्बो टैप नही था। | एल्बो टैप लगवाने हेतु निर्देशित किया गया। | बी0पी0एम0 / चिकित्सा अधीक्षक |
| **एच0एम0आई0एस0 :–** | | |
| एच0एम0आई0एस0 पोर्टल पर अकिंत की जा रही ऑकड़ों में कमिया पायी गयी | डाटा वैलिडेशन समिति के सदस्यों के साथ बैठक की गयी व एच0एम0आई0एस0 पोर्टल के सभी सुचकांको पर हैन्ड होल्डिंग की गयी एवं भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति न करने के निर्देश दिये गये साथ ही साथ इनको सुधारने के निर्देश भी दिये गये। | डाटा वैलिडेशन समिति के सदस्य |
| **102 एम्बुलेन्स :–** | | |
| 102 एम्बुलेन्स द्वारा दी जा रही सेवाओं का सत्यापन चिकित्साइकाई द्वारा नही की जा रही हैं। अथार्त एम्बुलेन्स द्वारा दी गयी Drop OUT एवं Drop in के लाभार्थियों का सत्यापन चिकित्साईकाईयों के सक्षम अधिकारियों से सत्यापित नही कराया जा रहा है। | एम्बुलेन्स की मासिक रिर्पोट (Drop OUT एवं Drop in के) लाभार्थियों का सत्यापन चिकित्साईकाई के सक्षम अधिकारियों से सत्यापित कराने का सुझाव दिया गया। | बी0पी0एम0 / चिकित्सा अधीक्षक |
| **वित्तीय बिन्दु :–** | | |
| वर्तमान वित्तीय वर्ष में माह नवम्बर 2019 तक कुल धन राशि रू0 9778783/– के सापेक्ष कुल रू0 7748349/– अर्थात 80 प्रतिशत व्यय की गयी है। | भ्रमण के उपरान्त सी0एच0सी0 की टीम के साथ जिसमे मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी, चीफ फार्मासिस्ट, बी0सी0पी0एम0, बी0पी0एम0 एवं बी0ए0एम0 के साथ बैठक की गयी एवं आगामी तीन माह की कार्ययोजना एवं कार्यक्रमों पर चर्चा की गयी। | |

संलग्न– चेकलिस्ट।

➢ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (एफ0आर0यू0) –पट्टी

| अवलोकन बिन्दु | सुझाव / कृत सुधारात्मक कार्यवाही | जिम्मेदारी |
|---|---|---|
| **मातृत्व स्वास्थ्यः–** | | |
| प्रसव कक्षः– प्रसव कक्ष के टेबल पर जंग लगा था। 7 ट्रे उपलब्ध थी। पी0पी0एच0के प्रबन्धन के बारे में स्टाफ नर्सो को जानकारी नहीं थी। प्रसव कक्ष में पी0पी0एच0 किट की व्यवस्था नही थी। रजिस्टर के अन्त में संक्षिप्त जानकारी प्रपत्र के बारे में उपस्थित स्टाफ नर्सो को भी उचित जानकारी नहीं थी। प्रसव कक्ष में समुचित प्रोटोकॉल प्रदर्शित नही था। हाई–रिस्क प्रेगनेंसी चिन्हित नहीं की जा रही थीं। | टेबल की रिपेयरिंग एवं पेंटिग कराने का सुझाव दिया गया। एम0एन0एच0 टूल का अध्ययन करने व एस0बी0ए0 प्रोटोकॉल पोस्टर्स आदि लगवाने का सुझाव दिया गया। लेबर रूम में पी0पी0एच0 किट की व्यवस्था करने का सुझाव दिया गया। प्रत्येक माह के अन्त में माह की रिपोर्ट का अंकन करने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही जानकारियॉ प्रदान की गईं। लेबर रूम स्टाफ को हाई रिस्क प्रेगनेंसी के विषय में बताया गया और इसके रिपोर्टिंग से क्या लाभ है उसके विषय में बताया गया एवं हाईरिस्क प्रेगनेंसी चिन्हित एवं उनका अभिलेखीकरण करने हेतु कहा गया। | लेबर रूम स्टाफ एवं चिकित्सा अधीक्षक |
| रेफरल सिस्टम व्यवस्थित रूप से नहीं पाया गया। | रेफरल सिस्टम को सुदृढ़ किये जाने हेतु सुझाव दिया गया। रेफरल इन व आउट के रिकार्ड रखने की जानकारी दी गई। | लेबर रूम स्टाफ व चिकित्सा अधीक्षक |
| जे0एस0एस0के0 के अन्तर्गत लाभार्थियों को दिए जाने वाले भोजन का साईन बोर्ड समुचित प्रदर्शित नही था। | जे0एस0एस0के0 डाईट के अन्तर्गत लाभार्थियों को दिए जाने वाले भोजन की साईन बोर्ड समुचित प्रदर्शित कराने का सुझाव दिया गया। | |
| बी.एच.टी. / केसशीट पूरी नहीं भरी जा रही थी। | तत्काल बी.एच.टी. के सभी कॉलमों को समझा कर उनको पूर्ण रूप से भरने हेतु कहा गया ताकि भविष्य में यदि मरीज को कुछ समस्या होती है तो उसे बी. एच.टी. द्वारा सहायता दी जा सकती हैं। | |
| पार्टोग्राफ का प्रयोग नही किया जा रहा था। | पार्टोग्राफ का प्रयोग सुनिश्चित किया जाये। | |
| प्रसव कराने वाले स्टाफ एस0बी0ए0 में प्रशिक्षित नही थे | प्रसव एस0बी0ए0 प्रशिक्षत ए0एन0एम0 द्वारा कराया जाये। | चिकित्सा अधीक्षक |
| **आर0आई0 / कोल्ड चेन रूम :–** | | |
| समस्त आई0एल0आर0 एवं डीपफ्रीजर कार्यरत पाये गये तथा उनमें वैक्सीन उपयुक्त प्रकार से रखी हुई पाई गई। लागबुक मेण्टेन थीं। | आई0ई0सी0 सामग्री को यथा स्थान पर प्रदर्शित किया जाये। | चिकित्सा अधीक्षक |

| | | |
|---|---|---|
| कोल्ड चेन रूम में पर्याप्त साफ–सफाई नही थी एवं कोल्ड चेन रूम के लिये बिजली बैक–अप पर्याप्त नही था।<br>ए0वी0डी0 रूट प्लान नही था एवं प्रत्येक आई0एल0आर0 एवं डीप फ्रीजर मानकानुसार स्टेबलाईजर से नही जुडा था।<br>कोल्ड चेन रूम में प्रचार प्रसार सामग्री का प्रदर्शन पर्याप्त था।<br>ए0वी0डी0 हेतु 75 रू0 की दर से भुगतान किया जा रहा था।<br>निस्तारण पिट मानकानुसार नही बनाई गई थी एवं सत्र स्थल से शार्प मेटिरियल वापस नही लाये जा रहे थे तथा उनका निस्तारण भी ब्लीचिंग से नही किया जा रहा था। | कोल्डचेन हैन्डलर एवं प्रभारी चिकित्साधिकारी को साफ सफाई एवं विद्युत व्यवस्था सही करनें हेतु निर्देशित किया गया।<br>प्रोटोकाल पोस्टर की प्रिन्टिंग स्पष्ट रूप से इंगित करनें के लिये निर्देशित किया गया।<br>कोल्ड चेन हैन्डलर को ए0वी0डी0 रूट प्लान बनाने एवं मानकानुसार स्टेबलाईजर की उपलब्धता सुनिश्चित करनें हेतु निर्देशित किया गया।<br>पिट का निमार्ण करवाने के लिये प्रकिया प्रारम्भ करनें हेतु सुझाव दिया गया। | चिकित्सा अधीक्षक/BPM एवं सम्बंधित स्टाफ |
| **बाल स्वास्थ्य :–** | | |
| प्रसव कक्ष में उपलब्ध रेडियन्ट वॉमर कियाशील नही था।<br>एन0बी0एस0यू0 बना है परन्तु मानव संसाधन की कमी के कारण कियाशील नही है।<br>सक्सन मशीन का जार काफी गन्दा था के0एम0सी0 कक्ष कियाशील है।<br>विटामिन–Kउपलब्ध था।<br>एच0बी0एन0सी0 कार्यकम के अर्न्तगत लो–वर्थ बेबी का फालोअप किया जा रहा है। | भ्रमण दल द्वारा एन0बी0एस0यू0 में रखे रेडियन्ट वार्मर को प्रसव कक्ष में स्थानान्तरित कराया गया।<br>भ्रमण दल द्वारा तत्काल प्रभाव से सॉफ कराया गया।<br>भ्रमण दल द्वारा सक्सन मशीन के जार को तत्काल प्रभाव से साफ कराया गया। | चिकित्सा अधीक्षक/BPM एवं सम्बंधित स्टाफ |
| **परिवार नियोजन :–** | | |
| प्रिन्टेडआई0यू0सी0डी0 पी0पी0आई0यू0सी0डी0– इन्सर्शन रजिस्टर उपलब्ध नही था। | प्रिन्टेड आई0यू0सी0डी0 इन्सर्शन रजिस्टर उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। | जिला कार्यकम प्रबंधक |
| चिकित्साईकाई पर कन्डोम बाक्स बनकर रखा पड़ा था परन्तु समुचित स्थान पर लगाया नही गया था। | भ्रमण दल द्वारा तत्काल प्रभाव से कन्डोम बाक्स उचित स्थान पर लगावाया गया एवं निर्देशित किया गया कि कन्डोम पीस की रिफिलिंग सुनिश्ति करें।<br>कण्डोम बाक्स प्रतिदिन भरने का सुझाव दिया गया। | फार्मासिस्ट |
| प्रशिक्षित सेवा प्रदाता नही होने के करण पी0पी0आई0यू0सी0डी0 की सेवा नही दी जा रही थी। | भ्रमण दल द्वारा सुझाव दिया गया कि शीघ्र प्रशिक्षण करा करपी0पी0आई0यू0सी0डी0 की सेवा की सेवा सुनिश्चित की जाय। | सम्बन्धित स्टाफ व जिला कार्यकम प्रबंधक |
| **एफ0पी0एल0एम0आई0एस0–**<br>एफ0पी0एल0एम0आई0एस0 का प्रयोग नही किया जा रहा | भ्रमण दल द्वारा तत्काल प्रभाव से बी0पी0एम0 को एफ0पी0एल0एम0आई0एस0 पोर्टल के प्रयोग के साथ इन्डेन्ट की जानकारी दी गयी। | चिकित्सा अधीक्षक/BPM एवं सम्बंधित स्टाफ |
| प्रसव कक्ष के स्टाफ द्वारा अवगत कराया गया कि आई0यू0सी0डी0 उपलब्ध नही होने के कारण पी0पी0आई0यू0सी0डी0 की सेवा नही दी जा रही है। भ्रमण दल द्वारा बी0पी0एम0 एव फार्मास्स्टि से पूछ जाने पर अवगत कराया गया कि जिला स्तर पर आई0यू0सी0डी0 की सप्लाई नही की जा रही है। | भ्रमण दल द्वारा नोडल परिवार क्लयाण को स्थिति से अवगत कराया गया। | नोडल परिवार क्लयाण |
| **आई0ई0सी0 :–** | | |
| परिसर में भ्रमण के दौरान समस्त कार्यक्रमों की आई0ई0सी0 उपलब्ध थी। किन्तु पर्याप्त नहीं थी। | विभिन्न कार्यकमों की अपडेटेड आई0ई0सी0 जनपद स्तर से प्राप्त कर यथास्थान डिस्प्ले कराये जाने का सुझाव दिया गया। | चिकित्सा अधीक्षक |
| पंजीकरण कक्ष के बाहर गर्भवती महिलाओं के निःशुल्क पंजीकरण का डिस्प्ले नहीं था। | गर्भवती महिलाओं के निःशुल्क पंजीकरण का डिस्प्ले करने व गर्भवती महिलाओं से पंजीकरण शुल्क न लिये जाने का सुझाव दिया गया। | चिकित्सा अधीक्षक |
| **बायोमेडिकल वेस्ट :–** | | |
| चिकित्सालय में Bins उपलब्ध थीं। डस्ट बिन में अलग–अलग रंग की पॉलीथिन थी।<br>बायोमेडिकल वेस्ट निस्तारण का समुचित प्रयोग किया जा रहा है।<br>किसी भी कार्मिक द्वारा व्यक्तिगत बचाव उपकरण धारण नहीं किया गया था।<br>बायोमेडिकल वेस्ट की लाग बुक नियमानुसार भरे जा रहे थे। | Colour Coded Bins की उपलब्धता सुनिश्चित करने का सुझाव दिया गया।<br>स्वास्थ्य केन्द्र को प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा प्राधिकृत कराये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।<br>सम्बंधित स्टाफ को बायोमेडिकल वेस्ट की लाग बुक नियमानुसार भरे जाने हेतु निर्देशित किया गया। | सम्बंधित स्टाफ एवं चिकित्सा अधीक्षक |

| | | |
|---|---|---|
| स्वास्थ्य केन्द्र प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा प्राधिकृत नही है।<br>ब्लीचिंग पाउडर घोल का प्रयोग नही किया जा रहा है। | ब्लीचिंग पाउडर घोल का प्रयोग नियमित करनें का सुझाव दिया गया। | |
| **चिकित्सालय परिसर :–** | | |
| परिसर में आर0 ओ0 मशीन लगी है परन्तु कियाशील नही है। | आर0 ओ0 मशीन की मरम्मत कराने का निर्देश दिया गया। | बी0पी0एम0 / चिकित्सा अधीक्षक |
| परिसर के अन्दर शिकायत पेटिका लगी थी, किन्तु शिकायते नहीं पायी गयीं। शिकायत निवारण कमेटी का गठन रिकार्ड भी देखने को नही मिला। | शिकायत निवारण कमेटी का गठन व रिकार्ड मेण्टेन करने का सुझाव दिया गया। | |
| हेल्पडेस्क की व्यवस्था नहीं थीं। | हेल्पडेस्क की व्यवस्था करने का सुझाव दिया गया। | |
| ओ0पी0डी0 कक्ष में कार्यरत चिकित्सक के पास वजन मशीन एव बी0पी0 मशीन उपलब्ध था। | स्टेथो, वज़न मशीन एव बी0पी0 मशीन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। | |
| परिसर में साफ–सफाई व्यवस्था संतोषजनक पायी गयी। | नियमित रुप से परिसर की साफ–सफाई कराये जाने का सुझाव दिया गया। | |
| चिकित्सालय परिसर में जगह जगह Fire extinguisher लगा हुआ था परन्तु इमरजेन्सी की स्थिति में चिकित्सालय परिसर में तैनात किसी भी कर्मी को इसके प्रयोग की जानकारी नही थी। | भ्रमण दल द्वारा Fire extinguisher के प्रयोग हेतु Mock drill कराने हेतु निर्देश दिये गये। | |
| एक्स–रे की सुविधा उपलब्ध है, परन्तु टेक्नीशियन के पास टी0एल0डी0 बैच एवं लेड एप्रेन नही है। | टी0एल0डी0 बैच एवं लेड एप्रेन उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। | Procurement Cell-SPMU व चिकित्सा अधीक्षक |
| **आर0के0एस0के0 कार्यक्रम :–** | | |
| किशोरी सुरक्षा योजना के अर्न्तगत निशुल्क सेनेटरी नैपकीन के वितरण का अनुश्रवण नही किया जा रहा है।<br>प्राप्त फिडबैक के अनुसार सेनेटरी नैपकीन को ए0बी0एस0ए0 को प्राप्त करा दिया जाता है एवं उन्ही के द्वारा वितरण भी किया जाता है। | सेनेटरी नैपकीन के वितरण का अनुश्रवण सुनिश्चित की जाये। | चिकित्सा अधीक्षक |
| **एच0एम0आई0एस0 :–** | | |
| एच0एम0आई0एस0 पोर्टल पर अकिंत की जा रही ऑकड़ों में कमिया पायी गयी | डाटा वैलिडेशन समिति के सदस्यों के साथ बैठक की गयी व एच0एम0आई0एस0 पोर्टल के सभी सुचकांको पर हैन्ड होल्डिंग की गयी एवं भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति न करने के निर्देश दिये गये साथ ही साथ इनको सुधारने के निर्देश भी दिये गये। | डाटा वैलिडेशन समिति के सदस्य |
| **102 एम्बुलेन्स :–** | | |
| 102 एम्बुलेन्स द्वारा दी जा रही सेवाओं का सत्यापन चिकित्साइकाई द्वारा नही की जा रही है। अथार्त एम्बुलेन्स द्वारा दी गयी Drop OUT एवं Drop in के लाभार्थियों का सत्यापन चिकित्साईकाईयों के सक्षम अधिकारियों से सत्यापित नही कराया जा रहा है। | एम्बुलेन्स की मासिक रिर्पोट (Drop OUT एव Drop in के) लाभार्थियों का सत्यापन चिकित्साईकाई के सक्षम अधिकारियों से सत्यापित कराने का सुझाव दिया गया। | बी0पी0एम0 / चिकित्सा अधीक्षक |
| **अन्य बिन्दु :–** | | |
| ए0आर0वी0 वैक्सीन उपलब्ध नही है। | ए0आर0वी0 वैक्सीन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। | बी0पी0एम0 / चिकित्सा अधीक्षक |
| पैथोलाजी में कुल 18 प्रकार की जांच सुविधा उपलब्ध है बायोमेडिकल वेस्ट का समुचित निस्तारण नही किया जा रहा है।<br>पैथोलाजी कक्ष में एल्वो टेब नही लगा है। | पैथोलाजी में बायोमेडिकल वेस्ट का समुचित निस्तारण एवं एल्बो टैप लगवाने हेतु निर्देशित किया गया। | चिकित्सा अधीक्षक |
| डेन्टल ओ0पी0डी0 में डेन्टल चिक्तिसक एवं डेन्टल हाईजिनिस्ट कार्यरत है<br>डेन्टल चेयर भी उपलब्ध है औसतन 30–40 ओ0पी0डी0 लोड है। | | |
| आई ओ0पी0डी0 में नेत्र चिकित्सक कार्यरत है इस वर्ष कुल 160 के सापेक्ष 95 चस्मों का वितरण किया जा चुका है। | | |
| आयुष के अर्न्तगत आर्युवेद के चिकित्सक उपलब्ध है परन्तु आर्युवेद की औषधि विगत 6 माह से उपलब्ध नही है । | आर्युवेदिक औषधि की आपूर्ति सुनिश्चित की जाये। | |

नोट– भ्रमण के उपरान्त सी0एच0सी0 की टीम के साथ जिसमे मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी, चीफ फार्मासिस्ट, बी0सी0पी0एम0, बी0पी0एम0 एवं बी0ए0एम0 के साथ बैठक की गयी एवं आगामी तीन माह की कार्ययोजना एवं कार्यकमों पर चर्चा की गयी।

संलग्न– चेकलिस्ट।

- **आसपुर देवसरा– प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं हेल्थ वेलनेश सेन्टरः–**
  - यह केन्द्र हेल्थ वेलनेश सेन्टर के रूप में चिन्हित है ।
  - इस केन्द्र पर 1 स्टाफ नर्स को कम्यूनिटी हेल्थ वर्कर का प्रशिक्षण कराकर सी0एच0ओ0 का कार्य लिया जा रहा है।
  - इस चिकित्साईकाई पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मुसही के चिकित्सक को ओ0पी0डी0 हेतु 03 दिनों के लिये अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है।
  - इस केन्द्र पर अभी तक जांच की सेवा प्रारम्भ नही हो सका है।
  - इस केन्द्र पर प्रसव की सुविधा है, परन्तु प्रसव कक्ष में मानकानुसार प्रसव सम्बन्धी सुविधायें उपलब्ध नही है।
  - परिवार नियोजन के अर्न्तगत कन्डोम, ओ0सी0पी0, ई0सी0पी0 की सेवा उपलब्ध है।
  - वार्ड में गन्दगी थी बायोमेडिकल वेस्ट निस्तारण के लिये निस्तारण पिट नही बनी है।
  - बायोमेडिकल वेस्ट का समुचित निस्तारण नही किया जा रहा है।
  - केन्द्र पर कार्यरत फामासिस्ट द्वारा अवगत कराया गया कि प्रायः औषधियों की कमी रहती है।
  - प्रथम दृष्टिगत ऐसा प्रतीत होता है कि सिर्फ नाम का हेल्थवेलनेस सेन्टर चल रहा है।
- **उपकेन्द्र/हेल्थ वेलनेश सेन्टर आमापुर–**
  - इस हेल्थ वेलनेश सेन्टर पर पर 01 ए0एन0एम0 कार्यरत है।
  - इस हेल्थ वेलनेश सेन्टर पर 01 फुल टाइम सी0एच0ओ0 कार्यरत है।
  - इस उपकेन्द्र पर प्रसव की सुविधा उपलब्ध है, परन्तु एल0वन0 मानकानुसार प्रसव कक्ष नही है।
  - बायोमेडिकल वेस्ट का समुचित निस्तारण नही किया जा रहा है।
  - परिवार नियोजन के अर्न्तगत कन्डोम, ओ0सी0पी0, ई0सी0पी0 की सेवा उपलब्ध है।
  - प्रतिदिन औसतन 25–30 ओ0पी0डी0 लोड है।
  - वर्तमान में कुल 05 प्रकार की जांच की सुविधा उपलब्ध है हीमोग्लोबिनोमीटर उपलब्ध नही है।
  - सी0एच0ओ0 द्वारा अवगत कराया गया कि दवाओं की उपलब्धता समुचित नही रहती।

**वी0एच0एन0डी0 सत्र–रमेश वर्मा का घर (उपकेन्द्र अजगरा सी0ए0सी0 लक्ष्मण पुर)**

| अवलोकन बिन्दु | सुझाव/कृत सुधारात्मक कार्यवाही | जिम्मेदारी |
|---|---|---|
| सत्र पर आशा ए0एन0एम0 एवं आंगनवाडी उपस्थित थी।<br>वैक्सीन कैरियर में आईसपैक कन्डीशनिंग अवस्था में नही था (जमी हुई पायी गयी)।<br>सत्र स्थल पर बुलावा पर्ची उपलब्ध नही थी संज्ञान में आया कि बुलावा पर्ची केवल सघन मिशन इन्द्रधनुष के दौरान लाभार्थियों को वितरित की जायेगी। टीकाकरण पश्चात ए0एन0एम0 द्वारा लाभार्थियों को चार महत्तवपूर्ण संदेश नही प्रदान किये जा रहे थे।<br>सत्र स्थल पर सेनटरी नेपकीन, ओ0आर0एस0 पैकेट भी उपलब्ध नही थे। सत्र स्थल पर गर्भवती महिलाओं के चेक अप के लिये पर्याप्त स्थान नही था ।<br>ए0एन0एम0 के पास Pregenency testing Kit नही थी।<br>सत्र स्थल पर बाल स्वास्थ्य पोषण माह का बैनर एवं रिर्पोटिंग प्रपत्र उपलब्ध थे। परन्तु बाल स्वास्थ्य पोषण माह में विटामिन "ए" पिलाये जाने हेतु ड्यू लिस्ट उपलब्ध नही थी। आशाओं का अभिखीकरण नही किया गया है। | बी0सी0पी0एम0 एवं ए0एन0एम0 को सत्र पर माईक्रोप्लान की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिये निर्देशित किया गया।<br>बी0पी0एम0को आर0आई0सत्र हेतु वैक्सीन कैरियर में कंडिसनिंग आइसपैक की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।<br>जिला प्रतिरक्षण अधिकारी से वार्ता की गयी एवं बुलावा पर्ची की उपलब्धता आर0आई सत्र पर भी सुनिश्चित कराने हेतु सुझाव दिया गया।<br>बी0पी0एम0को वी0एच0एन0डी0 सत्र से सम्बधित समस्त लाजिस्टिक की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।<br>ए0एन0एम0 को निर्देशित किया गया कि सत्र पर अद्यतन ड्यूलिस्ट अवश्य होनी चाहिये। | प्रभारीचिकित्साधिकारी ए0एन0एम0/ बी0सी0पी0एम0/डी0सी0 पी0एम0 |

| ➢ वी0एच0एन0डी0 सत्र– आंगनवाडी केन्द्र दादूपुर परान (उपकेन्द्र साहबगंज सी0एच0सी0लक्ष्मण पुर) | | |
|---|---|---|
| अवलोकन बिन्दु | सुझाव / कृत सुधारात्मक कार्यवाही | जिम्मेदारी |
| सत्र स्थल पर सत्र पर आशा ए0एन0एम0 एवं आंगनवाडी उपस्थित थी।<br>सत्र स्थल पर बुलावा पर्ची उपलब्ध नही थी संज्ञान में आया कि बुलावा पर्ची केवल सघन मिशन इन्द्रधनुष के दौरान लाभार्थियों को वितरित की जायेगी।<br>सत्र स्थल पर बाल स्वास्थ्य पोषण माह का बैनर एवं रिर्पोटिंग प्रपत्र उपलब्ध थे। परन्तु बाल स्वास्थ्य पोषण माह में विटामिन "ए" पिलाये जाने हेतु ड्यू लिस्ट उपलब्ध नही थी। आशाओं का अभिमुखीकरण नही किया गया है।<br>वैक्सीन कैरियर में आईसपैक कन्डीशनिंग अवस्था में नही था (जमी हुई पायी गयी)।<br>सत्र स्थल से शार्प मेटिरियल निस्तारण के लिये वापस नही लाये जा रहे थे। | जिला प्रतिरक्षण अधिकारी से वार्ता की गयी एवं बुलावा पर्ची की उपलब्धता आर0आई सत्र पर भी सुनिश्चित कराने हेतु सुझाव दिया गया।<br><br>बी0पी0एम0को आर0आई0सत्र हेतु वैक्सीन कैरियर में कंडिसनिंग आइसपैक की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।<br><br>ए0एन0एम0 को निर्देशित किया गया कि सत्र पर अदयतन ड्यूलिस्ट अवश्य होनी चाहिये।<br><br>सत्र स्थल से शार्प मेटिरियल वापस केन्द्र पर लाया जाना सुनिश्चित किया जाय। | प्रभारीचिकित्साधिकारी ए0एन0एम0 / बी0सी0पी0एम0 / डी0 सी0पी0एम0 |

संलग्न– चेकलिस्ट।

भ्रमण के उपरान्त जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, जिला लेखा प्रबन्धक, डी0सी0पी0एम0 एवं जिला समन्वयक, अर्बन हेल्थ के साथ बैठक किया गया व भ्रमण में पायी गयी बिन्दुवार कमियों एवं भ्रमण दल द्वारा मौके पर दी गयी सहयोग से अवगत कराया गया। भ्रमण दल द्वारा विगत भ्रमण रिपोर्ट के ए0टी0आर0 के न प्राप्त होने से अवगत कराया गया जिस पर मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा आश्वासन दिया गया कि शीध्र ही ए0टी0आर0 उपलब्ध करा दी जायेगी।

Satyapm
सत्य प्रकाश
(कार्यक्रम समन्वयक, आर0आई0)

मनीष कुमार सोनी
(कन्सल्टेंट,परिवार नियोजन)